SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

02/03/2020

Q1. 1988 बैच के आईपीएस अफसर परमबीर सिंह हाल ही में किस शहर के नए पुलिस कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया है?

क. दिल्ली

ख. मुंबई

ग. पुणे

घ. चेन्नई

1988 बैच के आईपीएस अफसर परमबीर सिंह हाल ही में मुंबई शहर के नए पुलिस कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया है. उन्होंने सेवानिवृत्त हुए संजय बर्वे की

SarkariExam.Com

जगह स्थान ग्रहण किया है. इससे पहले वे एसीबी के महानिदेशक के तौर पर कार्यरत थे.

Q2. हाल ही में किस राज्य सरकार ने ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती यूनिवर्सिटी का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार न हाल ही में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर अब 'ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.

Q3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन मिंट के बीच हाल ही में कितने समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है?

क. 3 समझौतों

ख. 5 समझौतों

ग. 7 समझौतों

घ. 10 समझौतों

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन मिंट के बीच हाल ही में 10 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है. यह समझोते मानव तस्करी को रोकने और

SarkariExam.Com

बचाव के लिए हुए है. साथ ही दोनों देश के बीच संचार और परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए हुए है.

Q4. निम्न में से किस देश के संघीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यालय ने कोरोनावायरस को रोकने के लिए 1,000 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है?

क. जापान

ख. अमेरिका

ग. स्विट्जरलैंड

घ. ऑस्ट्रेलिया

स्विट्जरलैंड के संघीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यालय ने कोरोनावायरस को रोकने के लिए 1,000 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है. साथ ही अगले हफ्ले 2020 जेनेवा मोटर शो को भी रद्द कर दिया गया है.

Q5. इनमे से किस देश की सरकार ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देश में सभी तरह के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लोगो के लिए फ्री कर दिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. लक्जमबर्ग

घ. चेक गणराज्य

SarkariExam.Com

लक्जमबर्ग देश की सरकार ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देश में सभी तरह के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लोगो के लिए फ्री कर दिया है. लक्जमबर्ग देश में लगभग 6 लाख लोगो की आबादी है और और इस देश की सीमाए जर्मनी, बेल्जियम और फ्रांस से लगती है.

Q6. पूर्व गृह मंत्री मोहिउद्दीन यासीन को किस देश के नए प्रधानमंत्री के लिए नामित किया गया है?

क. चीन

ख. जापान

ग. मलेशिया

घ. ऑस्ट्रेलिया

मलेशिया के पूर्व गृह मंत्री मोहिउद्दीन यासीन को हाल ही में मलेशिया के नए प्रधानमंत्री के लिए नामित किया गया है. वे जल्द ही प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ लेंगे.

Q7. कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के बीच किस देश ने एसियन नेताओं के साथ एक विशेष शिखर सम्मेलन स्थगित कर दिया है?

क. स्पेन

ख. जर्मनी

ग. अमेरिका

घ. ईरान

SarkariExam.Com

अमेरिका ने हाल ही में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के बीच दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (एसियन) नेताओं के साथ एक विशेष शिखर सम्मेलन स्थगित कर दिया है. यह शिखर सम्मेलन मार्च के दूसरे हफ्ते में लास वेगास में आयोजित होने वाला था.

Q8. पाकिस्तान को टिड्डियों के हमले से बचाने के लिए किस देश ने एक लाख बत्तख भेजने की घोषणा की है?

क. नेपाल

ख. अफगानिस्तान

ग. पाकिस्तान

घ. चीन

चीन ने हाल ही में पाकिस्तान को टिड्डियों के हमले से बचाने के लिए एक लाख बत्तख भेजने की घोषणा की है. चीन ने अपनी 'बत्तख फोर्स' को सीमा पर भेज दिया है. चीन के विशेषज्ञों का मानना है कि एक बत्तख प्रतिदिन लगभग 200 टिड्डियों को खा सकती है.

Q9. हाल ही में किस टेलिकॉम कंपनी ने (एजीआर) बकाया के लिए दूरसंचार विभाग को 8004 करोड़ रुपए का भुगतान किया है?

क. वोडाफोन-आईडिया

ख. भारती एयरटेल

ग. रिलायंस जियो

SarkariExam.Com

घ. इनमे से कोई नहीं

भारती एयरटेल टेलिकॉम कंपनी ने समायोजित सकल आय (एजीआर) बकाया के लिए दूरसंचार विभाग को 8004 करोड़ रुपए का भुगतान किया है. दूरसंचार विभाग के मुताबिक, एयरटेल पर लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क सहित लगभग 35,586 करोड़ रुपए बकाया है.

Q10. निम्न में से किस देश के रहने वाले 111 वर्षीय पूर्व शिक्षक "बॉब वेटन" दुनिया का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गए है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. ब्रिटेन

ब्रिटेन के रहने वाले 111 वर्षीय पूर्व शिक्षक "बॉब वेटन" दुनिया का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गए है. अभी तक यह रिकॉर्ड जापान के 112 वर्षीय चित्तेसु वतनबे के नाम था लेकिन गिनीज विश्व रिकॉर्ड्स सर्टिफिकेट से सम्मानित होने के बाद उनका निधन हो गया था.

SarkariExam.Com

Q11. शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे को किस समाचार पत्र का नया संपादक नियुक्त किया गया है?

क. दैनिक भास्कर

ख. अमर उजाला

ग. सामना

घ. नवभारत टाइम्स

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे को "सामना" समाचार पत्र का नया संपादक नियुक्त किया गया है.

Q12. चेन्नई में बनने वाले देश के पहले ट्रांसजेंडर शेल्टर होम के लिए किस अभिनेता ने 1.5 करोड़ की राशि दी है?

क. अक्षय कुमार

ख. रणवीर सिंह

ग. सलमान खान

घ. सैफ अली खान

ट्रांसजेंडर पर बन रही फिल्म 'लक्ष्मी बॉम्ब' के डायरेक्टर राघव लॉरेंस ने कहा है की बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने चेन्नई में बनने वाले देश के पहले ट्रांसजेंडर शेल्टर होम के लिए 1.5 करोड़ की राशि दी है.

SarkariExam.com

Q13. अमेरिका की 16 वर्षीय हेवन फिच स्टेट रेसलिंग चैम्पियनशिप में इंडिविजुअल टाइटल जीतने वाली कौन सी खिलाडी बन गयी है?

क. पहली

ख. दूसरी

ग. तीसरी

घ. चौथी

अमेरिका की 16 वर्षीय हेवन फिच स्टेट रेसलिंग चैम्पियनशिप में इंडिविजुअल टाइटल जीतने वाली पहली खिलाडी बन गयी है. उन्होंने 7 पुरुष खिलाड़ियों को हराकर स्टेट चैम्पियनशिप जीती है.

Q14. इंडिगो एयरलाइंस ने हाल ही में किस बैंक के साथ मिलकर क्रेडिट कार्ड लांच किया है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

ग. एचडीएफसी बैंक

घ. भारतीय रिजर्व बैंक

इंडिगो एयरलाइंस ने हाल ही में एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर क्रेडिट कार्ड लांच किया है. इस क्रेडिट कार्ड का नाम "का-चिन" है. इस क्रेडिट कार्ड को 2 संस्करणों '6ई रिवार्ड्स' और '6ई रिवार्ड्स एक्सएल' में लॉन्च किया गया है.

SarkariExam.Com

Q15. केंद्र सरकार ने किस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 32 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है?

क. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना

ख. इन्द्रधनुष योजना

ग. जिज्ञासा योजना

घ. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

केंद्र सरकार ने हाल ही में देश के 17 राज्यों में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 32 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत 406 करोड़ रुपये की फंड की मंजूरी दे दी गयी है.

Q16. दिल्ली के तर्ज पर किस शहर की यूनिवर्सिटी ने भी "एजुकेशन फॉर हैप्पीनेस" कोर्स शुरु करने की घोषणा की है?

क. पंजाब यूनिवर्सिटी

ख. गुजरात यूनिवर्सिटी

ग. लखनऊ यूनिवर्सिटी

घ. मुंबई यूनिवर्सिटी

दिल्ली के तर्ज पर लखनऊ यूनिवर्सिटी ने भी "एजुकेशन फॉर हैप्पीनेस" कोर्स शुरु करने की घोषणा की है. इस कोर्स के तहत शुरू हो रहे इस कोर्स के जरिए स्टूडेंट्स को हर स्थिति में मुस्कुराने की कला सिखाने की कोशिश की जाएगी.

SarkariExam.Com

Q17. हाल ही में कनितकर पति-पत्नी सेना में लेफ्टिनेंट जनरल की रैंक पाने वाले __ दंपती बन गए हैं?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. चौथे

सुप्रीमकोर्ट के फैसले के बाद मेजर जनरल माधुरी कनितकर को लेफ्टिनेंट जनरल की रैंक के लिए प्रमोशन दे दिया गया. जिससे कनितकर पति-पत्नी सेना में लेफ्टिनेंट जनरल की रैंक पाने वाले पहले दंपती बन गए हैं. जबकि माधुरी कनितकर देश की तीसरी महिला अधिकारी बन गयी है.

Q18. निम्न में से किसने सामाजिक सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहले शिखर सम्मेलन की घोषणा की है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. निति आयोग

ग. योजना आयोग

घ. केंद्र सरकार

केंद्र सरकार ने हाल ही में सामाजिक सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहले शिखर सम्मेलन की घोषणा की है. इसका आयोजन सामाजिक सशक्तिकरण, समावेशन और परिवर्तन के लिए किया गया है.

SarkariExam.com

Q19. जम्मू-कश्मीर की मुनाजाह गाजी ने मॉस्को की वुशु स्टार्स प्रतियोगिता में कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. प्लेटिनम मेडल

जम्मू-कश्मीर की मुनाजाह गाजी ने मॉस्को की वुशु स्टार्स प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है. उन्होंने महिला वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में कजाकिस्तान की खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया है.

Q20. भारतीय महिला धाविका दुती चंद ने कितने मीटर स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है?

क. 100 मीटर

ख. 200 मीटर

ग. 300 मीटर

घ. 500 मीटर

भारतीय महिला धाविका दुती चंद ने 100 मीटर स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है. दुती चंद अभी अपने कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलाजी का प्रतिनिधित्व कर रही है. उन्होंने 11.49 सेकंड के समय से पहला स्थान प्राप्त किया है.

SarkariExam.Com